## संपादकीय

### विशेष आलेखः युवा राज्य में यादगार बन गया युवा महोत्सव

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव भी इस युवा राज्य के गतिशील इतिहास में एक यादगार सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। मध्यप्रदेश से अलग होकर वर्ष 2000 के नवंबर माह में बना छत्तीसगढ़ राज्य अब 19 वर्ष का होकर युवा अवस्था की दहलीज पर पहुंच गया है। नृत्य, संगीत, गायन, वादन और विभिन्न प्रकार के खेल युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होते हैं। इस दृष्टि से राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव तथा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव जैसे दोनों शानदार आयोजन भूपेश बघेल सरकार के कार्यभार संभालने के सिर्फ एक वर्ष के भीतर दो बड़ी सांस्कृतिक उपलब्धियों के रूप में देखे जा रहे हैं। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग ने पिछले दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की नृत्य मंडलियों के साथ-साथ बेलारूस, मालद्वीप और थाईलैण्ड आदि कई देशों के आदिवासी लोकनृत्यों का भी रंगारंग प्रदर्शन हुआ। इस रंगारंग आयोजन का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने किया था। देश के 25 राज्यों, तीन केन्द्र प्रशासित प्रदेशों और 6 देशों के प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अब अगले साल से राजधानी में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव हर साल छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर नवंबर में होने वाले राज्योत्सव के साथ आयोजित करने की भी घोषणा की है। इसी कड़ी में स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित छत्तीसगढ़ युवा उत्सव 2020 में प्रदेशवासियों को अपने राज्य के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों के कलाकरों की प्रतिभा देखने का भी अवसर मिला। (आरएनएस फीचर) उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की धरती से स्वामी विवेकानंद का आत्मीय जुड़ाव भी जग जाहिर है। उन्होंने अपनी किशोरावस्था के दो साल रायपुर में गुजारे थे। उनकी जयंती पर राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने किया। आयोजन की शानदार सफलता को देखते हुए समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर साल 12 जनवरी से 14 जनवरी तीन दिन का युवा महोत्सव आयोजित करने की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि इस वर्ष आयोजित युवा उत्सव में शामिल सभी प्रतिभागियों को राज्य शासन द्वारा पांच-पांच सौ रूपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में जहां छत्तीसगढ़ सहित भारत के विभिन्न राज्यों और विदेशों के कुल 1800 कलाकार शामिल हुए थे वहीं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सात हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## एफपीआई ने जनवरी में पूंजी बाजारों में किया 1,288 करोड़ का निवेश

**नईदिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के कारण बढ़े भू-राजनीतिक तनाव तथा घरेलू आर्थिक चुनौतियों के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक घरेलू पूंजी बाजारों में शुद्ध रूप से 1,288 करोड़ रुपये का निवेश किया है।**




इस तरह जनवरी में एफपीआई शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने एक जनवरी से 17 जनवरी के दौरान शेयरों में 10,200 करोड़ रुपये का निवेश किया।

जबकि उन्होंने बांड या ऋष्ण बाजार से 8,912 करोड़ रुपये की निकासी की। इस तरह आलोच्य अवधि में उन्होंने शुद्ध रूप से 1,288 करोड़ रुपये का निवेश किया।

ग्रो के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हर्ष जैन ने कहा कि अधिकांश एफपीआई निवेश अमेरिका और चीन के बीच पहले चरण के व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हुआ है। अतः आने वाले समय में एफपीआई निवेश बढ़ने का अनुमान है।

## न्यू जीलैंड पहुंचते ही पृथ्वी साव ने बरसाए रन, खेली 150 रन की तूफानी पारी



**नई दिल्ली।** ओपनर पृथ्वी साव ने न्यू जीलैंड पहुंचते हुए धमाकेदार पारी खेलते हुए साबित किया कि उन्होंने चोट के बाद सिर्फ मैदान से ब्रेक लिया था न कि फॉर्म से। कुछ ही दिन पहले ही न्यू जीलैंड रवाना होने वाले इस युवा बल्लेबाज ने न्यू जीलैंड इलेवन के खिलाफ दूसरे वनडे वॉर्म-अप मैच में रविवार को महज 100 गेंदों में 22 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 150 रन कूट डाले। उनकी इस पारी के बदौलत भारत-ए ने 49.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर 372 रन का स्कोर खड़ा किया। कुछ दिन पहले ही पहुंचे थे कीवीलैंडसाव का कंधा रणजी ट्रोफी मैच के दौरान चोटिल हो गया था। पृथ्वी का उपचार कार्यक्रम की निगरानी कर रही नैशनल क्रिकेट अकैडमी (एनसीए) ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी के लिए हरी झंडी दी। इसके बाद पृथ्वी गुरुवार को न्यू जीलैंड के लिए रवाना हुए। मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया।

बर्ट सुटक्लिफ ओवल में ओपनिंग करने उतरे पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल ने 11.1 ओवर में 89 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जोरदार शुरुआत दी। मयंक के रूप में भारत-ए का पहला विकेट गिरा। उन्हें हेजेलडाइन ने 32 रनों के निजी स्कोर पर क्लेवर के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद शुभमन गिल 22 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए।


## आईएलएफएस की इकाई ने एनएचएआई के साथ 252 करोड़ का निपटान किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आईएलएफएस समूह की कंपनी आईएलएफएस ट्रांसपोर्टेशन ने शनिवार को कहा कि उसकी एक अनुषंगी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ 252 करोड़ रुपये का दावा स्वीकार करने को लेकर समझौता किया है। बंबई शेयर बाजार को भेजी नियामकीय सूचना में कंपनी ने कहा है, ''कंपनी की अनुषंगी जोराबाट शिलांग एक्सप्रेसवे लिमिटेड ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ 252.15 करोड़ रुपये के दावे की प्राप्ति का निपटान समझौता किया है।'' इसमें कहा गया है कि यह निपटान समझौता एनएचएआई द्वारा नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञों की समाधान समिति के जरिये किये गये विचार विमर्श के बाद हुआ।

## रोम रैंकिंग सीरीजः बजरंग पूनिया और रवि कुमार का धांसू धमाल, जीते गोल्ड मेडल

**रोम।** भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया और रवि कुमार दाहिया ने शनिवार देर रात रोम रैंकिंग सीरीज के फाइनल में धांसू प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते। ओलिंपिक मेडल की उम्मीद 25 वर्षीय बजरंग ने जहां पिछड़ने के बाद वापसी की और अमेरिका के पहलवान जॉर्डन माइकल ओलिवर को 4-3 से हराते हुए 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग का गोल्ड मेडल अपनी झोली में डाला।

रवि की एकतरफा जीतदूसरी ओर, रवि कुमार ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कजाकिस्तान के नूरबोलात अब्दुआलियेव को 12-2 से करारी शिकस्त दी। बजरंग पूनिया को जहां गोल्डन दांव के लिए मेहनत करनी पड़ी तो रवि का मुकाबला एकतरफ रहा।



रोचक बात यह है कि रवि इस बार 61 किग्रा में लड़ रहे थे, जबकि वह इससे पहले 57 किग्रा में उतरते थे। गोल्ड मेडल मुकाबला हारने के बाद विपक्षी पहलवान ने ट्विटर पर लिखा-, यह मेरी रात नहीं थी, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए मैंने मेहनत की थी। आपको सलाम..। फिर मिलेंगे दोस्त। भारत के स्टार पहलवान बजरंग ने पहले दौर में अमेरिका के ही जैन एलेन रदरफोर्ड को बड़ी मुश्किल से 5-4 से हराकर हराया था। इसके बाद च़ॉर्टर फाइनल में भारतीय पहलवान ने अमेरिका के जोसफ क्रिस्टोफर मैक केना को 4-2 से शिकस्त दी और फिर सेमीफाइनल में यूक्रेन के वासिल शुपतार का सफर 6-4 से समाप्त किया। इस बीच, जितेंदर (74 किग्रा) और दीपक पुनिया (86 किग्रा) को दिन के शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

## झड़ते बालों के लिए जिम्मेदार है आपका हेयरस्टाइल

महिलाएं अपनी खूबसूरती को लेकर काफी सजग रहती है और इसके लिए काफी मेहनत करती हैं। महिलाओं के सुंदर बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, इसलिए वह अपने बालों का खास खयाल रखती हैं। वहीं, यही भी देखा जाता है कि महिलाओं में बाल झड़ने की समस्या हो जाती है। लोगों का यह भी मानना होता है कि बाल झड़ना नैचरल होता है। फिर भी इससे निजात पाने के लिए वह काफी कोशिश करती हैं। यह भी देखा गया है कि आपकी हेयरस्टाइल भी आपके बाल झड़ने का कारण होती है।

1- बालों को कसकर बांधनाअक्सर देखा जाता है कि महिलाओं में बाल झड़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण होता है कि बालों की कसकर बांधना। इससे बाल टूटने लगते हैं। इस तरह से अगर बाल टूट रहे हैं तो आप इस पर नियंत्रण कर बालों का झड़ना या टूटना आसानी से रोक सकते हैं।

**2- ऊपर से चोटी या पोनीटेल बनाना**

महिलाएं कई बार बहुत ऊपर से चोटी बनाती हैं या पोनीटेल बनाती हैं। ऐसा करने से भी बाल टूटने लगते हैं। ऊपर से चोटी बनाने या पोनीटेल बनाने से भी बाल खींचते हैं। जिसके चलते आपके टूटने या झड़ने लगते हैं।

**3- कैमिकल्स से होता है हेयर लॉस**

हेयरस्टाइल बालों के झड़ने और टूटने के लिए जिम्मेदार साबित होती है। यह भी देखा गया है कि बालों में डाई, ब्लीच, स्ट्रेटनर्स या परमानेंट वेव सॉल्यूशन के इस्तेमाल से भी बाल झड़ना शुरू हो सकता है। इसमे पाए जाने वाले कैमिकल्स से हेयर लॉस परमानेंट होता रहता है।

**4- बालों के लिए नुकसानदेह है हेयर ड्रायर**

महिलाएं नहाने के बाद अक्सर अपने बालों को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर की मदद लेती हैं। इसको बाल सुखाने और हेयरस्टाइल बनाने का एक आसान तरीका माना जाता है। वहीं, कई स्टडी में यह बात सामने आई है कि रोजाना इसका इस्तेमाल आपके बालों के लिए नुकसानदेह है।

## पेट्रोल, डीजल के दाम में लगातार चौथे दिन गिरावट, उपभोक्ताओं को राहत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में गिरावट का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। इन चार दिनों में देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 61 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है और डीजल का दाम भी 61 पैसे प्रति लीटर कम हो गया है। देश के अन्य शहरों में भी उपभोक्ताओं को इन चार दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम में प्रति लीटर 60 पैसे या इससे अधिक की राहत मिली है।

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी।

वृषभः आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है।

मिथुनः राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट आ सकती है।

कर्कः आज आपके ग्रह नक्षत्र सुख भाव में वृद्धि का संकेत दे रहे हैं। जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा।

सिंहः आज का दिन मिश्रित फलकारक है, समाज में स्वच्छ छवि का निर्माण होगा।

कन्याः तृतीय भाव में चन्द्रमा योग और तृतीय पराक्रम घर में मंगल उत्तम संपत्ति के देने वाले हैं।

तुलाः आज जन्म का राशि स्वामी शुक्र सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा।

वृश्चिकः आज आपका आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है।

धनुः आज एकादश का चन्द्रमा पारिवारिक अशान्ति तथा आस-पास के वातावरण को विपरीत बना सकता है।

मकरः आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है।


कुंभः राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चन्द्रमा नवम भाव में किसी महान सफलता का हर्ष होगा।

मीनः राशि का स्वामी बृहस्पति धनुः राशि का होकर दशम भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## आनंद एल राय की अगली फिल्म में अक्षय, सारा और धनुष

फिल्म इंडस्ट्री के लिए साल 2020 की शुरुआत अच्छी रही और पहले महीने में दो अच्छी फिल्में अजय देवगन की फिल्म तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर और दीपिका पादुकोण की फिल्म छपाक रिलीज हुई। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। साल की शुरुआत की अच्छी फिल्मों के रिलीज होने के साथ ही फिल्मों की घोषणा भी हुई।

फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में वरुण धवन के साथ अपनी अगली फिल्म को लेकर ट्वीट किया और जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। वहीं, अब खबर आ रही है कि अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष एक फिल्म में साथ आ रहे हैं।




एक रिपोर्ट के अनुसार, डायरेक्टर आनंद एल राय ने अपनी अगली फिल्म में अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष को साइन किया है। मात्र दो फिल्में करने वालीं सारा को अक्षय ऑपोजिट साइन किया गया है। ऐसा पहली बार होगा जब तीनों ऐक्टर्स एक साथ काम करेंगे और तीनों को स्क्रीन पर देखना काफी दिलचस्प होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की जल्द ही घोषणा होगी। इससे पहले खबर आई थी कि फिल्म लव स्टोरी पर बेस्ड होगी और फिल्म की शूटिंग कुछ महीने में शुरू हो जाएगी।


## रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े

**बॉलिवुड में रोजाना नए-नए अफेयर्स की चर्चाएं सामने आती रहती हैं। जहां कुछ सिलेब्रिटीज अपनी रिलेशनशिप्स पर खुलकर बात करते हैं, वहीं कुछ सिलेब्रिटीज इसे छिपाकर रखते हैं।**



हाल में ऐसे एक और अफेयर की चर्चाएं सामने आई हैं। यह चर्चा है तेलुगू-बॉलिवुड ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े और फिल्मों में हाल में आए रोहन मेहरा के बारे में। पूजा हेगड़े के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि वह आजकल रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं। रोहन मेहरा ने सैफ अली खान, राधिका आप्टे, चित्रांगदा सिंह की फिल्म बाजार से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। भले इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया हो लेकिन इसमें रोहन की परफॉर्मेंस को तारीफ मिली थी। इस बीच बता दें कि रितिक रोशन के ऑपोजिट फिल्म मोहनजोदारो से डेब्यू करने वाली पूजा हेगड़े पिछली बार फिल्म हाउसफुल 4 में दिखाई दी थीं। अब यह तो वक्त के साथ ही पता चलेगा कि पूजा और रोहन के अफेयर की चर्चाओं में कितनी सच्चाई है। अपडेट्स के लिए जुड़े रहें।

## घर पर आसान तरीके से बना सकते हैं चॉकलेट



### सामग्री :-

कोको पाउडर 2 कप
मक्खन तीन चौथाई कप
चीनी आधा कप
दूध दो तिहाई कप
मैदा एक चौथाई कप
पाउडर चीनी एक चौथाई कप पानी 1 कप

### विधि-:-

कोको पाउडर और मक्खन को प्रोसेसर में डाल दें और तब तक मिक्स करें जब तक स्मूथ पेस्ट न बन जाए। अब एक पैन को एक चौथाई पानी से भर दें और पानी के ऊपर एक बाउल रख दें। अब इस बाउल में चॉकलेट पेस्ट डालें और मिश्रण को जरूरत अनुसार गर्म कर लें। एक बार फिर मिश्रण को प्रोसेसर में वापस डालें और मिक्स करें। अब दूध को रूम टेंपरेचर पर गर्म करें। चॉकलेट पेस्ट में चीनी, मैदा और दूध डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें ताकि किसी तरह की कोई गांठ न रह जाए।

तैयार मिश्रण को मनचाहे मोल्ड में डालें और फ्रिज में हार्ड होने के लिए रख दें। जब चॉकलेट जम जाए तो इसे निकालें और टेस्टी होम मेड चॉकलेट का लुत्फ उठाएं।

## शब्द सामर्थ्य- 9

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 08 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 9

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.08 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |